महत्वपूर्ण एवं खास

भालुओं ने ग्रामीण को किया जख्मी

कोरबा। करतला थानांतर्गत आने वाले ग्राम सकदुकला में आज भालुओं द्वारा हमला कर दिए जाने से एक ग्रामीण घायल हो गया। उसे उपचार के लिए करतला सीएचसी में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वन्य प्राणी के हमले की यह घटना आज सुबह 7 बजे के लगभग घटित हुई। बताया जा रहा है कि ग्राम सकदुकला निवासी श्यामलाल कंवर 55 वर्ष जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गया हुआ था। इसी दौरान उसका सामना भालुओं के झुंड से हो गया। झुंड में शामिल एक खूंखार भालू ने हमला कर उसके चेहरे व अन्य हिस्से को नोंच डाला। जिससे वह लहूलुहान होकर घायल हो गया। श्यामलाल ने किसी तरह भालू के शिकंजे से अपने आपको बाहर निकाला और मदद के लिए ग्रामीणों से गुहार लगाई। श्यामलाल की गुहार व चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के साथ ही इसकी सूचना पुलिस वाहन 112 को दी जिस पर 112 वाहन के जवानों ने तत्काल गांव पहुंचकर घायल श्यामलाल को करतला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी। पुलिस की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अस्पताल पहुंचे और घायल ग्रामीण श्यामलाल की स्थिति जानने के साथ ही उसे उपचार के लिए प्राथमिक सहायता राशि उपलब्ध कराई।

सुलझी हत्या की गुत्थी दो अपराधी को किया गया गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के कुआकोण्डा थाने अंतर्गत पुलिस ने सुलझायी हत्या की गुत्थी दरअसल मामला फुलपाड गाँव की है जहा 05 मार्च को मंगडू की हत्या धारदार हथियार से गला रेत कर की गयी थी सुचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुची दन्तेवाडा एसपी सिद्धार्थ तिवारी के विवेचना पर छानबीन किया गया शक के दायरे मे जब अमित सोडी से पूछताछ किया तो मामला कुछ और निकला आरोपी ने बताया की ग्राम के हर बैठक मे इसकी राय को मानने को लेकर मंगडू की बातो पर लोग गुस्सा हुआ करते है जिस गुस्से की वजह से आरोपी अमित सोडी, ललित सोडी, साकिन और हिडमा ने रात को मंगडू की हत्या किया पुलिस द्वारा तीन आरोपी को पकड़ा गया जिसमे एक आरोपी नाबालिग है वही हिडमा फ ार है जिसकी खोज मे पुलिस जूटी है।

राज्य सेवा परीक्षा- 2021 के परिणाम घोषित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2021 के लिखित परिणाम जारी कर दिए हैं। राज्य सेवा परीक्षा-2021 (छत्तीसगढ़ के अधीनस्थ विभाग) के अंतर्गत विभिन्न सेवाओं हेतु कुल 171 पद विज्ञापित किए गए हैं। राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2021 हेतु दिनांक 13 फरवरी 2022 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसके आधार पर राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2021 हेतु विज्ञापित पदों का 15 गुना अभ्यर्थियों का चयन किया जाना था, परंतु वर्गवार/उपवर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर कुल 2548 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए चिन्हांकित किए गए हैं। मुख्य परीक्षा हेतु चिन्हांकित अभ्यर्थियों को आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है जिसकी सूचना लोक सेवा आयोग द्वारा पृथक से जारी की जाएगी। राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2021 के लिखित परीक्षा परिणाम आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर जारी (अपलोड) कर दिए गए हैं।

राज्य ओपन स्कूल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की मुख्य परीक्षा एक अप्रैल से होगी

रायपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की मुख्य परीक्षा 1 अप्रैल से प्रारंभ होगी। विस्तृत समय सारणी ओपन स्कूल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर के अधिकारियों ने बताया कि पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं के समस्त विषयों की पाठ्य सामग्री (हिंदी और अंग्रेजी माध्यम) भी ओपन स्कूल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

मनरेगा में बढ़ रही महिला मेटों की भागीदारी, 59 % मेट महिलाएं

❒ **महिलाओं को मनरेगा कार्यों से जोड़ने के साथ ही स्वरोजगार में भी कर रहीं मदद**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) कार्यों में 'आधी आबादी' यानि महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। मनरेगा में अकुशल श्रमिक के रूप में काम करने वालों में करीब 51 प्रतिशत महिलाएं हैं। कार्यस्थल पर काम की नाप-जोख और श्रमिकों के प्रबंधन का काम देखने वाले मेटों में महिला मेटों की भागीदारी 59 प्रतिशत है। मेट के रूप में गांव की महिलाएं कार्यस्थलों पर बदली हुई भूमिका में नजर आ रही हैं। पहले केवल मजदूरी करने तक सीमित रहने वाली महिलाएं अब मेट के तौर पर श्रमिकों के प्रबंधन के साथ ही कार्यस्थल पर गोदी खोदने के लिए चूने से मार्किंग, मजदूरों द्वारा किए गए कार्य को मापकर उसे माप-पुस्तिका में दर्ज करने और श्रमिकों के जॉब-कार्ड को अद्यतन करने जैसे महत्वपूर्ण मैदानी काम कर रही हैं। मनरेगा में वे अद्र्धकुशल श्रमिक के रूप में सेवाएं देती हैं और इसी के अनुरूप उन्हें भुगतान भी प्राप्त होता है।

महिलाओं को मनरेगा कार्यों से जोड़ने के साथ ही स्वरोजगार में भी कर रहीं मदद- मनरेगा में महिला मेट की नियुक्ति के बाद से कार्यस्थलों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों की सक्रिय महिलाओं को मनरेगा में मेट के रूप में नियुक्ति में प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश में स्वसहायता समूहों की 9646 महिलाएँ मनरेगा मेट के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। गांवों में पहले से ही स्वावलंबन की अलख जगा रही ये महिलाएं बांकी महिलाओं को भी न केवल मनरेगा में रोजगार दिला रही हैं, बल्कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार शुरू करने में भी सहायता कर रही हैं। उन्हें रोजगारमूलक गतिविधियों से जोडक़र आय के स्थाई साधन तैयार कर रही हैं। महिला मेट कार्यस्थलों में महिलाओं की परेशानियों के निदान का भी विशेष ध्यान रखती हैं। उनकी निगरानी में कार्य करने का मौका पाकर महिलाएं मनरेगा कार्यों से ज्यादा संख्या में जुड़ रही हैं।

प्रदेश में अभी 46,942 महिला मेट काम कर रहीं- मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षित ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए महिला मेटों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत कुल मेटों में से 59 प्रतिशत महिलाएं हैं। प्रदेश में अभी 46 हजार 942 महिला मेट काम कर रही हैं, जबकि पुरूष मेटों की संख्या 32 हजार 927 है। राज्य के 28 जिलों में से 25 जिलों में महिला मेटों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। महिला मेटों की भागीदारी बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 82 प्रतिशत, बिलासपुर में 79 प्रतिशत, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 77 प्रतिशत, कोरबा में 72 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज में 70 प्रतिशत, कोरिया एवं महासमुंद में 67-67 प्रतिशत, रायगढ़ में 63 प्रतिशत, रायपुर में 61 प्रतिशत और मुंगेली में 60 प्रतिशत है। सरगुजा और बीजापुर में कार्यरत कुल मेटों में से 59-59 प्रतिशत महिलाएं हैं। राजनांदगांव में 58 प्रतिशत, बस्तर, जांजगीर-चाम्पा, सूरजपुर और बालोद में 57-57 प्रतिशत, बेमेतरा और कांकेर में 56-56 प्रतिशत, दुर्ग में 53 प्रतिशत, धमतरी और जशपुर में 52 प्रतिशत, कोण्डागांव, गरियाबंद व नारायणपुर में 51 प्रतिशत, सुकमा में 47 प्रतिशत, कबीरधाम में 44 प्रतिशत तथा दंतेवाड़ा में 41 प्रतिशत मेट महिलाएं हैं।

50 प्रतिशत से अधिक रोजगार सृजन महिलाओं द्वारा ही- चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में मनरेगा के अंतर्गत रोजगार प्राप्त श्रमिकों में महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी करीब 51 प्रतिशत है। इस साल अब तक 52 लाख 47 हजार श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जिनमें 26 लाख 64 हजार महिला श्रमिक हैं। इस वर्ष फरवरी माह तक सृजित कुल 14 करोड़ 21 लाख 53 हजार 765 मानव दिवस में से 7 करोड़ 18 लाख 71 हजार मानव दिवस रोजगार इन महिलाओं द्वारा सृजित हैं, जो कि कुल सृजित मानव दिवस का 51 प्रतिशत है। पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में भी मनरेगा के तहत रोजगार प्राप्त श्रमिकों में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत से अधिक थी। इस दौरान आधे से अधिक मानव दिवस रोजगार का सृजन महिलाओं द्वारा ही किया गया था।

महिला क्रिकेट प्रतियोगिता: बीआरसी कोरबा की टीम पहुंची फाइनल में

कोरबा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। तीसरे दिन तीन क्वार्टर फाइनल और एक सेमीफाइनल का मैच हुआ। पहले सेमीफाइनल मैच में बीआरसी कोरबा की टीम ने महिला बाल विकास विभाग की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

इससे पहले दिन में खेले गए तीन क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बीआरसी कोरबाए बीके वेलफेयर और पुलिस विभाग की टीम ने अपने.अपने मैच जीते। कल प्रतियोगिता के अंतिम दिन दूसरा सेमीफाइनल मैच सुबह 7:30 बजे पुलिस विभाग और बीके वेलफेयर की टीमों के बीच खेला जाएगा। इन दोनों टीमों में से जीतने वाली टीम की बीआरसी कोरबा की टीम के साथ फाइनल में भिड़ंत होगी। फाइनल मैच शाम चार बजे खेला जाएगा। तीसरे दिन का पहला मुकाबला बीआरसी कोरबा वर्सेस डीएसपीएम कोरबा के बीच खेला गया। डीएसपीएम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीआरसी कोरबा की टीम ने 41 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम की ओर से संतोषी ने आलराउंड प्रदर्शन करते हुए 22 रन बनाए साथ ही 2 विकेट भी चटकाए संतोषी को मैन ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। दूसरा मैच पुलिस विभाग वर्सेस बालको की महिला टीमों के बीच खेला गया। पुलिस विभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 99 रन बनाए। टीम की ओर से प्रतिभा राय ने शानदार 35 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बालको की टीम 45 रन ही बना पाई इस प्रकार पुलिस विभाग की टीम ने इस मैच को 54 रनों से जीत लिया। शानदार प्रदेश प्रदर्शन के लिए प्रतिभा राय को मैन आफ द मैच अवार्ड दिया गया। तीसरा मैच टेनिस क्रिकेट संघ और बीके वेलफेयर सोसाइटी के बीच खेला गया। बीके वेलफेयर सोसाइटी टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 66 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टेनिस क्रिकेट संघ की टीम 35 रन ही बना पाई। इस प्रकार बीके वेलफेयर सोसाइटी की टीम ने यह मैच 31 रनों से जीत लिया। टीम की ओर से आलराउंड प्रदर्शन करके 19 रन बनाने और दो विकेट चटकाने के लिए मधु मरकाम को मैन आफ द मैच अवार्ड दिया गया

दिन के आखिरी और पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बीआरसी कोरबा की टीम महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के बीच मैच हुआ। बीआरसी की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 119 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से मनीषी ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए शानदार 50 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी महिला बाल विकास विभाग की टीम केवल 38 रन ही बना पाई। इस प्रकार बीआरसी कोरबा की टीम ने यह मैच 81 रनों से अपने नाम किया। मनीषी सिंह के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच अवार्ड दिया गया।

सांसद ने इसी सत्र से मेडिकल कालेज प्रारंभ कराने नव पदस्थ डीन के साथ की बैठक

कोरबा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने सोमवार को कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा मेडिकल कॉलेज के नवपदस्थ डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की बैठक लेकर इसी सत्र से मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कराने हेतु हर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सांसद ने पिछले दिनों नेशनल मेडिकल कांउसिल की टीम के द्वारा कोरबा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

डीन ने उन्हें बताया कि टीम यहां से आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के संबंध में संतुष्टि जाहिर की है। सांसद ने इस पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर आवश्यक सभी कार्य करें ताकि इसी वर्ष आगामी शिक्षा सत्र से मेडिकल कॉलेज में अध्यापन कार्य प्रारंभ हो सके। बैठक में मेडिकल कालेज के सुपरिटेंडेंट डॉ गोपाल कंवर, डॉ रवि जाटवर असिस्टेंट मेडिकल सुपरिटेंडेंट, डॉ यू एस कोण्डारपुरकर सर्जन, डॉ अमोल मधुर मिंज एसोसिएट्स प्रोफेसर आदि भी उपस्थित थे।

खड़ी वाहनों से डीजल की चोरी, आरोपियों के खिलाफ कुसमुण्डा पुलिस की कार्यवाही

कोरबा। पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल द्वारा क्षेत्र में डीजल, कोयला, कबाड़ चोरो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री लितेश सिंह के मार्गदर्शन पर चोरों पर शिकंजा कसने के विशेष अभियान के तहत चोरों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है, जिसके परिपालन में मुखबिर तैनात किया गया था जो 6 मार्च 2022 को सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ व्यक्ति रोड किनारे खडी ट्रेलर वाहनों से डीजल चोरी कर एक चारपहिया लाल रंग के जैयलो वाहन में लेकर बलौदा-पंतोरा मार्ग की ओर जा रहे है कि सूचना पर तत्काल हमराह स्टाफ के रवाना होकर कुछ दूर जाने पर एक लाल रंग का जैयलो वाहन दिखा जिसका लगातार पीछा करने पर ग्राम बाता के पास वाहन जैयलो रजिण् नंबर सीजी 10सी 7773 को छोडक़र उसमे सवार व्यक्ति फरार हो गये। भाग रहे व्यक्तियों में से एक व्यक्ति को मौके पर घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछने पर अपना अरविंद खुंटे पिता गंगाराम खुंटे, पता खिसोरा, थाना बलौदा जिला जांजगीर चाम्पा का रहने वाला बताया जो उक्त वाहन को चेक करने पर वाहन के पीछला हिस्सा में 04 नग 35-35 लीटर वाली प्लास्टिक जरीकेन में प्रत्येक में 35-35लीटर डीजल भरा हुआ कुल 140 लीटर डीजल मिला।

मापदण्डों के अनुसार सफाई कार्य न होने पर लगाया 20 हजार का अर्थदण्ड

❒ **आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने शहर के विभिन्न मार्गों में किया नाईट स्वीपिंग कार्यों का निरीक्षण**

कोरबा। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई कार्यो में उदासीनता दिखाने वाली सफाई कार्य एजेंसियों के प्रति कड़ा रूख अख्तियार करते हुए उन पर 20 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया है, साथ ही उन्हें कड़ी चेतावनी दी है कि स्वच्छता कार्यो में कतई लापरवाही न बरते तथा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य कराएं अन्यथा जवाबदारी सुनिश्चित कर संबंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने रविवार की रात्रि शहर का भ्रमण कर निगम द्वारा स्वच्छता कार्य एजेंसियों के माध्यम से कराए जा रहे नाईट स्वीपिंग कार्यो का निरीक्षण किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि निगम में पदभार ग्रहण करने के साथ ही आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अन्य कार्यो की बेहतरी के साथ-साथ शहर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई कार्यो पर विशेष फोकस रखकर कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। निगम द्वारा एक ओर जहाँ स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं उनकी सहभागिता प्राप्त करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर निगम द्वारा रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गो, चौक-चौराहों, संपर्क मार्गो व अन्य स्थानों पर नाईट स्वीपिंग का कार्य कराया जा रहा है, रविवार की रात्रि आयुक्त पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों के साथ शहर का दौरा कर शहर की साफ-सफाई एवं नाईट स्वीपिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान घंटाघर क्षेत्र में किए जा रहे नाईट स्वीपिंग व साफ-सफाई कार्य निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नहीं पाए जाने को गंभीरता से लेते हुए उन्होने संबंधित सफाई एजेंसी पर 5000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, इसी प्रकार टी.पी.नगर क्षेत्र में सी.एस.ई.बी.चौक से टी.पी.नगर चौक व अन्य क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान वहाँ पर भी निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप सफाई कार्य नहीं हो रहे थे, जिस पर उन्होने उक्त क्षेत्र की सफाई एजेंसी पर भी 5000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया।

खनन प्रभावित गांवों में जल संकट, मापका ने एसईसीएल महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

कोरबा। गर्मी शुरू होते ही इस क्षेत्र के खनन प्रभावित गांवों में भीषण जल संकट शुरू जो चुका है। भूमिगत खनन के कारण मड़वाढोढ़ा, पुरैना और बांकी बस्ती गांव में पेयजल संकट तो है ही, निस्तारी का भी संकट है और मवेशियों के लिए भी पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने इस संकट के लिए एसईसीएल को जिम्मेदार ठहराया है और समस्या हल न होने पर कोरबा मुख्यालय के घेराव की चेतावनी दी है। इस संबंध में एक ज्ञापन आज माकपा नेताओं ने एसईसीएल महाप्रबंधक को सौंपा।

उल्लेखनीय है कि खनन प्रभावित गांवों में जल स्तर काफी नीचे जा चुका है। इन गांवों में जब खदान चल रही थी, तब खदान का पानी बोरहोल के जरिये तालाबों में पहुंचाया जाता था, जिससे गर्मी में भी इस क्षेत्र के तालाब लबालब भरे रहते थे और इन गांवों के किसान दोहरी फसल के साथ सब्जी उगा कर अपना जीवन यापन करते थे। लेकिन खनन बंद होने के साथ ही ग्रामीणों की किस्मत पर ताला लग गया, क्योंकि एसईसीएल अब जल आपूर्ति करने की सपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। माकपा नेता प्रशांत झा का कहना है कि एसईसीएल को केवल अपने मुनाफे से सरोकार है और जिन किसानों की जमीन खनन के लिए ली गई है, उनकी समस्याओं से अब वह कोई सरोकार नहीं रखना चाहती। लेकिनअब एसईसीएल को उसकी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने से भागने नहीं दिया जाएगा और आंदोलन से उसे जल आपूर्ति के लिए बाध्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बांकी खदान बंद होने के समय से ही जल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की जा रही है। यदि बांकी की बंद खदान में भरे पानी का उपयोग किया जाता है, तो संकट को दूर किया जा सकता है। माकपा नेता जवाहर सिंह कंवर के साथ जिर्बोधन कंवर, भारत सिंह, सुरेश, शिवरतन कंवर, मोहपाल सिंह, अजित सिंह, दिलीप चौहान, जितेंद्र, उपेंद्र कंवर, कमलेश आदि की अगुआई में मड़वाढोढ़ा, पुरैना और बांकी बस्ती के ग्रामवासियों ने आज कोरबा महाप्रबंधक को अपना ज्ञापन सौंपा और जल संकट दूर न होने पर मुख्यालय के घेराव की चेतावनी दी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर बनायी गयी है कई योजनाएं

❒ **महिला दिवस के उपलक्ष्य में चक्रधर बाल सदन में लगा विशेष स्वास्थ्य कैम्प**

रायगढ़ । अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में महिला रक्षा टीम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थितगणों को उनके द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि लैंगिक असामना के लिए सर्वप्रथम कन्या भुरण हत्या की अपराधों को समाज से पूरी तरह खत्म करना होगा। हमें बड़े पदों की बात न भी करें तब भी आज की दौर की महिलाएं हमें हवाई जहाज से ट्रक, बस, ऑटो चलाते हुए नजर आती हैं, जिससे स्पष्ट है कि महिलाएं भी उतनी ही सक्षम है जितने समाज के पुरूष वर्ग, आवश्यकता है मात्र संकल्प शक्ति की। उन्होंने आगे कहा कि कोविड की महामारी ने आर्थिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से हमारी जीवन शैली को प्रभावित किया है, जिससे ऐसे परिवार में घरेलू हिंसा की समस्याएं बढ़ी, जहां पहले से ही आपसी सामंजस्य व तालमेल की कमी थी। इस समस्या का सर्वश्रेठ समाधान दोनों पक्षों की कॉउसलिंग करना/समाझाईश देना है, हमारा संविधान भी समता एवं लिंग के आधार पर भेद-भाव पर प्रतिषेध की बात कहता है। हमें मात्र अपनी-अपनी विचार धारा में परिर्वतन की आवश्यकता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए कई योजना बनायी गयी है, महिलाओं के नि:शुल्क विधिक सहायता का प्रावधान किया गया है, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्ही योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर कार्य करता है। यदि हमारा सम्पूर्ण समाज मिलकर अपनी ऊर्जा समस्याओं से हटा कर समाधान की ओर लगाना प्रारंभ कर दें, तब नि:संदेह इस महिला दिवस मनाये जाने का आशय सार्थक हो जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चक्रधर बालसदन में महिला दिवस पर चिकित्सा विभाग के सहयोग से किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा के द्वारा चक्रधर बालसदन में मासिक निरीक्षण के दौरान गायनिक एवं मनोचिकित्सक की उपस्थिति पर विशेष स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता से अवगत कराया गया। जिसे देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें गायनिक चिकित्सक डॉ.काकोली पटनायक, सायकोलॉजिस्ट डॉ.राव एवं स्टाप के द्वारा सभी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।